(c) if not, the reasons for issuing such orders for the above-mentioned officers ; and

(d) the steps taken by Government for withdrawing the said orders ?

THE MINISTER OF LAW AND SOCIAL WELFARE AND RAILWAYS (SHRI GOVINDA MENON) : (a) to (d). To ensure efficiency and for the convenience of the staff, orders have been issued restricting the movement for about two hours daily during their normal working time in certain railway offices including the Foreign Traffic Offices at Delhi and Ajmer but not in the Ministry of Railways. Steps have been taken to see that no inconvenience is caused to the employees because of these orders.

बीकानेर डिवीजन (उत्तर रेलवे) के तृतीय श्रेणी के लिपिकों का स्थानान्तरण

3236. **श्री यशपाल सिंह :**
श्री राम चरण :

क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों में बीकानेर डिवीजन (उत्तर रेलवे) के तृतीय श्रेणी के तकनीकी पदों पर कार्य करने वाले या तृतीय श्रेणी के लिपिकों से स्थानान्तरण के लिए कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं और कितने व्यक्तियों को स्थानान्तरित किया गया तथा किस आधार पर ; और

(ख) क्या सरकार उपरोक्त अवधि में बीकानेर डिवीजन में स्थानान्तरित किये गये कर्मचारियों के नाम तथा पदनाम सम्बन्धी ब्यौरा तथा स्थानान्तरण के आधार बताने वाला विवरण सभा पटल पर रखेगी ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मन्त्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) पिछले दो वर्षों में उत्तर रेलवे के बीकानेर मंडल के तृतीय श्रेणी के लिपिकों और तृतीय श्रेणी के तकनीकी पदों पर नियोजित व्यक्तियों से स्थानान्तरण के लिए क्रमशः 64 और 36 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से इस अवधि में जितने व्यक्तियों का स्थानान्तरण किया गया उनकी संख्या क्रमशः 23 और 19 है। सामान्यतः इन कर्मचारियों क स्थानान्तरण का आधार घरेलू परिस्थितियां और व्यक्तिगत कारण थे।

(ख) एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है [ग्रन्थालय में रखा गया। देखिये संख्या LT—2305/69]

बीकानेर डिवीजन (उत्तर रेलवे) में श्रेणी तीन और श्रेणी चार के पदों पर नियुक्तियां

3237. **श्री यशपाल सिंह :**
श्री राम चरण :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों में 31 अक्तूबर, 1969 तक बीकानेर डिवीजन में विभिन्न विभागों में तीसरी और चौथी श्रेणी के कितने पदों को सीधी भरती से भरा गया और कितने पदों को रोजगार नियोजन कार्यालय के माध्यम से भरा गया ; और

(ख) उनमें से कितने पदों पर स्थायी आधार पर और कितने पदों पर अस्थायी आधार पर नियुक्तियाँ की गई हैं ?

विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मन्त्री (श्री गोविन्द मेनन) : (क) और (ख). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

बीकानेर डिवीजन (उत्तर रेलवे) के इस्टैब्लिशमेंट अधिकारी के विरुद्ध शिकायतें

3238. **श्री यशपाल सिंह :**
श्री राम चरण :

क्या रेलवे मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों में बीकानेर डिवीजन के इस्टैब्लिशमेंट अधिकारी के विरुद्ध कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं और वे किस किस्म की हैं ; और